कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (HOFF) राजस्थान, जयपुर

क्रमांक एफ 2 (2) 2021 / कार्मिक / प्रमुवसं / 337 दिनांक 4 फरवरी, 2021

कार्यालय आदेश

इस कार्यालय के आदेश दिनांक 05.01.2021 से श्री बाबू लाल मीणा, क्षेत्रीय वन अधिकारी प्रथम को रेंज करौली (उनियारा), उप वन संरक्षक, परियोजना, टोंक से रेंज फागी, उप वन संरक्षक, जयपुर में तथा श्री बनवारी लाल, क्षेत्रीय वन अधिकारी द्वितीय को रेंज नाहरगढ बायोलॉजिकल पार्क, उप वन संरक्षक, वन्यजीव, जयपुर से रेंज करौली (उनियारा), उप वन संरक्षक, परियोजना, टोंक में पदस्थापन / स्थानान्तरण किया गया था। उक्त आदेश की पालना में श्री बनवारी लाल द्वारा 06.01.2021 को मध्यान्ह पश्चात अपनी उपस्थिति रेंज करौली (उनियारा), उप वन संरक्षक, परियोजना, टोंक में दे दी है। श्री बाबू लाल मीणा, क्षेत्रीय वन अधिकारी प्रथम द्वारा माननीय राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण जयपुर में उक्त स्थानान्तरण के विरूद्ध अपील संख्या 337 / 2021 दायर की है। माननीय न्यायालय ने उक्त अपील में आदेश दिनांक 25.01.2021 में स्थगन प्रार्थना पत्र पर यह अन्तरिम आदेश दिया गया है कि विवाद ग्रस्त आदेश दिनांक 05.01.2021 का क्रियान्वयन अपीलार्थी के पदस्थापन के संबंध में आगामी आदेशों तक स्थगित करते हुये अपीलार्थी को वहीं कार्यरत रखा जावें, जहॉ वह चुनौती आदेश पारित किये जाने से पूर्व कार्यरत था। श्री बाबू लाल मीणा ने उक्त आदेश के क्रम में दिनांक 27.01.2021 को रेंज करौली (उनियारा), उप वन संरक्षक, परियोजना, टोंक में उपस्थिति दी है। अतः श्री बनवारी लाल, क्षेत्रीय वन अधिकारी द्वितीय को रेंज करौली (उनियारा), उप वन संरक्षक, परियोजना, टोंक से पुनः रेंज नाहरगढ बायोलॉजिकल पार्क, उप वन संरक्षक, वन्यजीव, (200) जयपुर में पदस्थापन किया जाता है।

(श्रुति शर्मा)
प्रधान मुख्य वन संरक्षक (HOFF)
राजस्थान–जयपुर

क्रमांक एफ 2 (2) 2021 / कार्मिक / प्रमुवसं / 338-45 दिनांक 4 फरवरी, 2021

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैं ।

1. प्रमुख शासन सचिव, वन एवं पर्यावरण विभाग, राज0 जयपुर।
2. विशिष्ठ सहायक, कार्यालय राज्य मंत्री, वन एवं पर्यावरण विभाग (स्वतंत्र प्रभार), खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता मामले विभाग, राजस्थान सरकार
3. प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक, राजस्थान, जयपुर।
4. मुख्य वन संरक्षक, एफ0पी0आर0 जयपुर।
5. उप वन संरक्षक, परियोजना, टोंक ।
6. उप वन संरक्षक, वन्यजीव, जयपुर (200)
7. श्री बनवारी लाल, क्षेत्रीय वन अधिकारी द्वितीय को रेंज करौली (उनियारा), उप वन संरक्षक, परियोजना, टोंक ।
8. रक्षित पत्रावली।

(नरेश चन्द्र शर्मा)
उप वन संरक्षक (संस्थापन)
राजस्थान, जयपुर